

तीन-तीन पानी की टंकियां, फिर भी आधा नगर प्यासा

दूर -दूर से ढ़ोकर लाते हैं पानी, गरीब और पिछड़ी बस्तियों में समस्या विकराल

नवभारत न्यूज

कोठी 27 दिसंबर, नगर परिषद कोठी के अंतर्गत एक के बाद एक-एक करके तीन पानी की टंकियां बनाई गई कि क नगर परिषद कोठी क्षेत्र की पानी की व्यवस्था सुदृढ़ हो जाएगी और लोगों को घर पहुंच पानी की सुविधा मिल जाएगी परंतु यह सपना बन गया है ।

नगर में पानी की दो पंक्तियां बन चुकी हैं और एक निर्माणाधीन है लेकिन चालू हालत में एक भी नहीं है। जिसकी वजह से हालात पिछले कई वर्षों से काफी बुरे बने हुए हैं और आधा नगर आज भी दूर से पानी ढोने को मजबूर है वह भी विशेष कर पिछड़ी हुई बस्तियों में कोठी नगर परिषद के अंतर्गत पूर्व काल में वार्ड क्रमांक 14 के बस स्टैंड परिसर पर जोगनी मंदिर के समीप बनी पानी की टंकी से कुछ वर्षों तक कोठी नगर में पानी की सप्लाई की गई परंतु वह नगर के लिए पर्याप्त नहीं थी अधिक लोड होने की वजह से धीरे-धीरे वह भी एक्सपायर हो गई । इसी के साथ वार्ड क्रमांक 2 के कटरा मोहल्ला में पिछले कई वर्ष पहले पानी की टंकी का निर्माण कार्य कराया गया था परंतु वह आज तक अपने आस्तित्व में आई ही नहीं और उस टंकी से कभी भी लोगों को पानी की सुविधा प्रदान नहीं हुई और बिना उपयोग हुए ही आस्तित्व विहीन हो गई । लोगों ने बताया कि इसको शुरू कराए जाने के लिए प्रयास किया गया परंतु पानी भर जाने से यह और खतरनाक हो जाती है पूरा पानी टंकी से लीकेज होने लगता है जिस कारण टंकी के गिरने का भी खतरा बना रहता है जिसकी वजह से इसका उपयोग आज तक नहीं किया गया इस कारण वार्ड क्रमांक 2 वार्ड क्रमांक 1 और 5 के लोग आज भी पीने के पानी के लिए काफी परेशान रहते हैं निजी संसाधनों और हैंड पंप से पानी लाकर अपना जीवन गुजार रहे हैं । वार्ड क्रमांक 2 के पिछड़ी बस्तियों के लोग काफी अधिक परेशान है उन्हें तो एक किलोमीटर दूर से पानी ठोकर लाना पड़ता है गरीब अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को इसका दंश और अधिक भोगना पड़ता है वह भी जो निचली बस्तियों में रहते हैं पानी की सप्लाई सभी जगह न होने की वजह से गरीब तबके के लोगों को और अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। 1 किलोमीटर दूर से धोकर पानी लाना पड़ता है यह तस्वीर और पानी के डिब्बे इस बात को प्रमाणित कर रहे हैं की कोठी नगर में पानी की समस्या काफी गंभीर है 30 वर्ष गुजर गए नगर परिषद के गठन हुए परंतु पीने के पानी की मूलभूत सुविधा के लिए आज भी आधा नगर मोहताज है । वार्ड क्रमांक 1 में तो लोग जीवन काल से नदी से ही गुजारा कर रहे हैं क्योंकि वहां पर आदिवासी बाहुल्य बस्ती है इसलिए किसी को कोई चिंता नहीं है नगर परिषद में बैठे जिम्मेदार इस विषय पर गंभीरता से संज्ञान नहीं लेते अन्यथा ऐसे हाल नहीं होते तीसरी टंकी जो कोठी में मुक्तिधाम के पास बनाई जा रही है वह भी 8 वर्ष हो गए आज तक कंप्लीट नहीं हो पाई कब तक बनकर तैयार होगी और कब तक लोगों के घरों में पानी नई टंकी से पहुंचेगा यह बताने वाला भी कोई नहीं है । कोठी के पूर्व अध्यक्ष राकेश कोरी के विशेष प्रयास से 16 करोड रुपए मंजूर कर कर नल जल योजना का कार्य नगर परिषद में शुरु किया गया था परंतु वर्तमान की परिषद की कछुए की चाल की वजह से वह भी दूर की कौड़ी बना हुआ है जिसकी वजह से कोठी नगर की सड़के भी बदसूरत हो गई और पानी का भी कोई अता-पता नहीं है जिससे आधे नगर में दिवाली और आधे नगर में होली जैसा माहौल है । लोगों ने कहा कि अंधेर नगरी चौपट राजा जैसी स्थिति है ।

इनका कहना है

वार्ड क्रमांक 2 के निवासी एवं नगर उत्थान युवा संघर्ष समिति के संयोजक इंजीनियर **आशीष तिवारी** ने कहा कि आधे नगर वासियों को पानी न मिलाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और यह बात को प्रमाणित कर रहा है कि इतने वर्षों से भाजपा की सरकार है फिर भी खोखले वादे कर रही है गांव की तो बात ही दूर जब नगर में ही आधे लोगों को दूर से पानी ढोकर लाना पड़ता है तो फिर आप समझ सकते हैं की जिम्मेदार क्या कर रहे हैं 30 वर्ष से अधिक समय नगर परिषद के गठन का गुजर गया है।

नीलेंद्र दुबे वार्ड क्रमांक 5 के निवासी ने बताया कि हमारे वार्ड में आज तक पानी की सप्लाई चालू कराई जाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई जबकि हमारा वार्ड नगर परिषद कार्यालय के एकदम पीछे ही है हमारे मोहल्ले के लोग निजी संसाधनों से गुजर कर रहे हैं मेरे घर में तो कुआ है जिससे मेरा और कई लोगों का काम चलता है नगर पंचायत का हाल अंधेर नगर चौपट राजा जैसे है।

नगर परिषद कोठी के पूर्व अध्यक्ष **राकेश कोरी** ने बताया कि मेरे द्वारा विशेष प्रयास करके 16 करोड रुपए सरकार से लाकर नल जल योजना के तहत कार्य शुरू कराया गया था और वह मेरे कार्यकाल में लगभग आधा हो चुका था परंतु पूरा आज तक नहीं हुआ नगर परिषद की जिम्मेदारों को इस पर विशेषता से ध्यान देना चाहिए क्योंकि यह नगर की मूलभूत सुविधा है नल जल योजना के तहत बनी पानी टंकी शुरू हो जाने से संपूर्ण नगर में पानी की व्यवस्था दुरुस्त हो जाएगी परंतु कमी है तो इच्छा शक्ति की जो देखने को नहीं मिल रही।

पीएमश्री हाईस्कूल के आईटी छात्र-छात्राएं इंडस्ट्रियल टूर में आईटीआई पहुंचे

नवभारत न्यूज

नागौद 27 दिसंबर, विगत दिवस पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल नागौद के आई टी के छात्र-छात्राओं का इंडस्ट्रियल टूर संस्था के प्राचार्य ए पी सिंह परिहार के मार्गदर्शन में दोपहर बस से आईटीआई कॉलेज नागौद पहुंचा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आईटीआई के प्राचार्य एवं स्टाफ के द्वारा छात्र-छात्राओं को विविध ट्रेंडों के प्रैक्टिकल करवाकर बिंदुवार विस्तृत जानकारी दी गई।

संस्था के शिक्षक ने सभी विजिट में गए छात्र-छात्राओं को सूक्ष्मता से आईटीआई के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि अब केंद्र सरकार के द्वारा आईटीआई को सीबीएसई 12ह्वद्ध के इक्कल माना गया है महज दो पेपर देकर आईटीआई करने वाले छात्र-छात्राएं सीबीएसई की 12वीं की मार्कशीट प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही शासन की मंशा के अनुरूप स्वरोजगार के लिए भी आईटीआई जैसे कोर्सेज बहुत ही उपयोगी साबित हो सकते हैं। पीएम श्री विद्यालय के प्राचार्य ए पी सिंह परिहार ने भी आईटीआई के महत्व को बताते हुए कहा कि आज के इस बेरोजगारी के युग में भी आईटीआई करने वाले छात्र-छात्राएं अपने पैरों में खड़े हो जाते हैं यदि उन्हें शासकीय नौकरी नहीं मिलती तो स्वयं के रोजगार के द्वारा अपना जीवन यापन बहुत अच्छे ढंग से चला लेते हैं। शासन की मंसा भी आत्मनिर्भर भारत बनाने की है ऐसे में आईटीआई छात्र-छात्राओं के लिए वरदान साबित हो सकता है। उन्होंने आईटीआई नागौद के प्राचार्य एवं स्टाफ को पीएम श्री के छात्र-छात्राओं को विस्तृत जानकारी देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। आज की विजिट में छात्र-छात्राओं के सहयोग के लिए आईटी प्रभारी डॉ.श्वेता सिंह परिहार, व्यावसायिक प्रशिक्षक मिताली सर्राफ एवं पीएम श्री प्रभारी राकेश प्रताप सिंह व सहयोगी दीपक रैकवार भी इस विजिट में साथ में रहे।

सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

कोटर 27 दिसंबर, सरस्वती शिशु मंदिर बेला छिबौरा में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की प्रथम वक्ता श्रीमती राजकुमारी शुक्ला (स्वदेशी राष्ट्रीय मंच) तथा द्वितीय वक्ता श्रीमती ज्योति सिंह (वरिष्ठ आचार्या सरस्वती शिशु मंदिर चोरमारी) एवं मुख्य अतिथि श्रीमती पार्वती सिंह (पूर्व जनपद सदस्य) अध्यक्षता श्रीमती रामवती सिंह (पूर्व सरपंच) ने किया । कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती गेंदकली सिंह वरिष्ठ आचार्या, सह संयोजीका श्रीमती प्रतिमा द्विवेदी और प्रभारी आदित्य प्रताप सिंह रहे। मंचासीन अतिथियों द्वारा गांव की पांच सम्मानित महिलाओं का श्रीफल एवं साल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 55 माताएं, 15 पूर्व छात्रा तथा 10 अन्य छात्रा उपस्थित रहे।

नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर में डेढ़ हजार मरीजों की हुई जांच और दवा वितरित

नवभारत न्यूज

मझगवां 27 दिसंबर, इंडो न्यूक्लियर एनर्जी प्रा. लि .पटनी मझगवां स्याद्वाद एजुकेशनल एण्ड सोशल ट्रस्ट बागपत उ0प्र0 स्याद्वाद इंस्ट्रीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एण्ड रिसर्च, बागपत, (उ0प्र0) जिला चिकित्सालय सतना एवं वीरागंना दुर्गावती ग्रामीण विकास एवं शोध समिति पटना, मझगवां द्वारा संयुक्त रूप से मझगवां क्षेत्र के ग्राम पंचायत खोडरी, चितहरा, देवलहा, पटना खुर्द, कैल्हौरा, महतैन, भटिया, गोपालपुर, कौंहारी, लालपुर (पटिहर), हिरौंदी, भरगवां, कैलाशपुर, तुर्रा, पछीत, पटना सहित 16 स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर शुक्रवार दिनांक 26.12.2025 को आयोजित किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में 93 गांवों के ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क जांच व दवा का वितरण किया गया।स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ वीरांगना दुर्गावती ग्रामीण विकास एवं शोध समिति पटना मझगवां, जिला सतना मध्यप्रदेश के कार्यालय में वीरांगना रानी दुर्गावती की मूर्ति पर माल्यर्पण कर दीप प्रज्जवलित करके किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती रेणुका जायसवाल अध्यक्ष जनपद पंचायत मझगवां, संजय सिंह जिला पंचायत सदस्य, नगेन्द्र गोयल (एम.डी. इंडो न्यूक्लियर एनर्जी प्रा. लि.) उमरिहा, निरजन जायसवाल सांसद प्रतिनिधि, देवमन सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरांगना दुर्गावती ग्रामीण विकास एवं शोध समिति पटना मझगवा, रामराज सिंह समिति ब्लॉक अध्यक्ष हीरामन सिंह, निखिल गौतम एवं सभी अतिथियों द्वारा शिविर वाहनों को हरी झड़ी दिखाकर रवाना किया। देवलहा में 84, पटना में 71, पटनी में 38 कैलहरा में 176, 107, बरहा में 27, कौहारी में 254, हिरौदी में 89, भरगवों में 96 कैलाशपुर में 35 तुर्रा में 119, पछीत में 104, लालपुर परिहर में 207, चितहरा में 31, खोडरी में 65, कुल 1500 से ज्यादा विभिन्न रोगों जैसे- बुखार, खासी, जुकाम, सर्दी, पेट रोग समस्या, चर्म रोग, कान दर्द, उल्टी, स्त्री रोग, श्वसन रोग, बी.पी. श्रगर, पीलिया आदि रोगों का परीक्षण कर उपचार किया एव दवा वितरित कि गयी। जिलाअस्पताल सतना के सहयोग से मोबाइल एंबुलेंस के तीन वाहन, लालपुर परिहर, महतैन एवं कौहारी में स्वास्थ्य कैंप में सहयोग किया गया। स्याद्वाद इंस्ट्रीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एण्ड रिसर्च, रिवर पार्क, बागपत की टीम के रुकने, नाश्ता एवं भोजन आदि की व्यवस्था अक्षत पैलेस मझगवाँ में की गयी। संस्था के डायरेक्ट श्री प्रवीण मलिक, प्राचार्य डा0 ललित मोहन शर्मा, डा0 दिनेश कुमार, डा0 सोनिया वर्मा, डा0 राकेश कुमार, डा0 उमा रानी, इल्मास, नीशू, मानवी, आँचल, अंजली, प्रभात खुशी, दिशा, मोहित कुमार, शालू, विनिता, श्यमा चन्द्र, सोनिका चौधरी, टिव्कल, आदि इन सभी की टीम ने स्वास्थ्य कैंप आयोजित किया. वीरांगना दुर्गावती समिति के डा0 विरेन्द्र राम विश्वकर्मा, राष्ट्रीय संगठन सचिव सीताराम विश्वकर्मा, रामेश्वर सेन, प्रवीण दहायत, प्रहलाद सिंह, पंकज सिंह, अश्विनी कुमार विश्वकर्मा आनंद विश्वकर्मा, सतेन्द्र सिंह, राहुल सिंह, मोहित सिंह, कृष्णपाल सिंह, धीरेन्द्र सिंह, हिमाशु सिंह, मोहित पेण्ड्रों, रवि सिंह, भूपत सिंह, दादा भाई, कौशलेन्द्र सिंह आदि एवं इंडो न्यूक्लियर एनर्जी से अंकित यादव ने अपना भरपूर सहयोग दिया। समिति सभी सरपंचों, सचिवों, सहायक सचिवों एवं सभी सम्मानित सदस्यों का उनके सहयोग के लियें आभार व्यक्त करती है।

जिम्मेदारों की सह या साहबानों को मात?

मनरेगा में मशीन राज : अमृत सरोवर निर्माण में दहाड़ रही जेसीबी, मजदूर बेरोजगार

नवभारत न्यूज

बरौंधा 27 दिसंबर, सतना जिले की मझगवां जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत भियामऊ में मनरेगा योजना के तहत बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत बनाए जा रहे तालाब के निर्माण में मजदूरों के बजाय जेसीबी मशीनों से कार्य कराया जा रहा है, जबकि कागजों मे गरीब मजदूरों को रोजगार दिया जाना दर्शाया गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और उपयंत्री सहित जनपद स्तर के अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी मस्टर भरकर सरकारी राशि निकालने की तैयारी है। वास्तविक मजदूरों को काम नही मिल रहा, जबकि उनके नाम पर राशि निकालने के लिए मस्टर भर दिए गए हैं।

39 लाख 85 हजार की लागत, मजदूर शून्य- जानकारी के अनुसार

भर दिए गए 11 मस्टर

मस्टर रोल संख्या 12020 मे 10 मजदूर दिखाकर 12-12 दिन की हाजरी, 31,320, मस्टर रोल संख्या 12021 10 मजदूर, 13-13 दिन, 33,930 मस्टर रोल संख्या 12022 10 मजदूर, 13-13 दिन, 33,930 मस्टर रोल संख्या 12023 10 मजदूर, 13-13 दिन, 33,930 मस्टर रोल संख्या 12024 2 मजदूर, 13-13 दिन, 6,786 मस्टर रोल संख्या 12396 10 मजदूर, 12-12 दिन, 31320 मस्टर रोल संख्या 12397 10 मजदूर, 12-12 दिन, 31320 मस्टर रोल संख्या 12398 10 मजदूर, 12-12 दिन, 31320 मस्टर रोल संख्या 12399 10 मजदूर, 12-12 दिन, 31320 मस्टर रोल संख्या 12400 10 मजदूर, 11-11दिन, 27710 मस्टर रोल संख्या 12401 10 मजदूर, 12-12 दिन, 31320

भियामऊ पंचायत में जल संरक्षण के तहत अमृत सरोवर-2 तालाब (कार्य कोड-712001023/डब्ल्यूसी/22012035 315738) का निर्माण कार्य कक्ष क्रमांक पी-95 में चल रहा है। इस तालाब की स्वीकृति क्रमांक 1378, दिनांक 13 जून 2025 को हुई थी। योजना के अनुसार 10 माह मे 536 मजदूरों को 100 दिन का रोजगार दिया जाना था। लेकिन 14 अक्टूबर 2025 से शुरू हुए निर्माण कार्य में एक भी मजदूर को काम नही दिया गया। पूरा कार्य सरपंच द्वारा अपनी निजी जेसीबी मशीन से कराया जा रहा है, जो मनरेगा नियमों का खुला उल्लंघन है।

102 फर्जी मजदूर, 1.39 लाख की निकासी- सरपंच-सचिव की मिलीभगत से रोजगार सहायक ने 102 लोगों को मजदूर दर्शाकर कुल 1246 कार्यदिवस के नाम पर 11 अलग-अलग मस्टर रोल भर दिए। इसके जरिए कुल 2 लाख 95 हजार 110 रुपये की राशि 102 खातों में ट्रांसफर करवाने की तैयारी है। मनरेगा के तहत प्रति मजदूर 261 रुपये प्रतिदिन मजदूरी निर्धारित है।

कमीशन का पूरा खेल- ग्रामीणों का आरोप है कि जिन लोगों को मजदूर दिखाकर मस्टर रोल भरे गए हैं, उनमें से कोई भी व्यक्ति वास्तविक रूप से काम पर नहीं गया। खाते में पैसे आने के बाद सरपंच और सचिव मजदूरों को 100-200 रुपये देकर पूरी राशि निकलवा लेते हैं। इसी राशि से जेसीबी मशीनों का भुगतान किया जाता है और शेष रकम जनपद स्तर तक कमीशन के रूप में पहुंचाई जाती है।

ग्रामीणों का कहना है

अमृत सरोवर मे किसी भी मजदूर को काम नही दिया जा रहा है। पूरा काम सरपंच अपनी जेसीबी से करवा रहे हैं। रात मे भी काम होता है। जिन लोगों को मजदूर बनाया गया है सभी फर्जी है। कुछ लोग तो गांव मे रहते नही। पंचायत मे बहुत भ्रष्टाचार हुआ है। प्रशासन को जांच करवाकर कार्यवाही करना चाहिए।

कमलेश पाण्डेय, ग्रामीण

मझगवां जनपद की ग्राम पंचायत भियामऊ में अमृत सरोवर तालाब का कार्य मनरेगा के तहत मशीनों से हो रहा है, जबकि यह मजदूरों को रोजगार देने की योजना है। मनरेगा अधिनियम के तहत मशीनों का उपयोग प्रतिबंधित है, यह मजदूरों के अधिकारों का हनन है। गांव के कई मजदूर रोजगार के लिए पलायन करने को मजबूर हैं, जबकि उनके नाम पर फर्जी मस्टर भरकर पैसे निकाले जा रहे हैं। अधिकारी जांच के नाम सिर्फ खाना पूर्ति और अपना कमीशन का प्रतिशत बढ़ा कर चले जाते हैं।

अनिल पटेल, ग्रामीण

कृषि सखियों का 5दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 27 दिसम्बर दीनदयाल उपाध्याय शोध संस्थान तुलसी कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवा में आयोजित 5.दिवसीय कृषि सखियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉण् राजेंद्र सिंह नेगी ने प्रमाणपत्र वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया इस प्रशिक्षण में कृषि सखियों को प्राकृतिक खेतीए जीवामृतए घनजीवामृत निर्माणए मृदा स्वास्थ्य प्रबंधनए कीट.रोग प्रबंधन और दशपर्णी अर्क ध्

नीमाघ निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किया गया कृषि सखी कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को कृषि से जुड़े विभिन्न कार्यों में प्रशिक्षित करना हैए जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और किसानों को तकनीकी सहायता प्रदान कर सकें। इस अवसर पर डॉण् नेगी ने कहा कि कृषि सखियां अब अपने क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देंगी और किसानों को रसायन मुक्त खेती के लिए प्रेरित करेंगी

धान बिक्री के लिए भटक रहे हैं सिकमी और बंटाई किसान

नवभारत न्यूज

कोटर 27 दिसंबर, स्लाट बुक ना होने के कारण कोटर तहसील के सिगमी और बटाई वाले किसान अपनी धान की फसल विक्रय नहीं कर पा रहे हैं। यह बात ब्लाक काग्रेस कमेटी कोटर के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कही।

उन्होंने बताया है कि कोटर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत जितने भी धान उपार्जन केंद्र है वह पर कोटर तहसील क्षेत्र के सिगमी बटाई के पंजीयनों का स्लाट बुक नहीं हो रहा ऐसे किसान अपनी धान बेचने के लिए परेशान है घरों में रखी धान को चूहों से नुकसान हो रहा है किसानों को डर सता रहा है कि शासन के इस रवैया के कारण धान नहीं बिक पाएगी जिला प्रशासन से अनुरोध है सिगमी बटाई वाले किसानों के पंजीयन का इस्लाट कोटर तहसील क्षेत्र के उपार्जन केंद्रों में बुक कराया जाय जिससे किसान अपनी धान की फसल को विक्रय कर सके।

नागौद प्रलेस का ग्रामीण सम्मान आज

सतना 27 दिसंबर, प्रलेस इकाई नागौद द्वारा देबीशरण "ग्रामीण" जी की 93 वीं जन्म जयंती प्रगतिशील लेखक संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रो. सेवाराम त्रिपाठी,संरक्षक पद्मश्री बाबूलाल दाहिया, जिलाध्यक्ष एड. संतोष खरे की उपस्थिति में नागौद गीता भवन रेस्ट हाउस के सामने दोपहर 1 बजे से आयोजित की गई है। जिसमें ग्रामीण जी की रचना धर्मिता,कृतित्व एवं व्यक्तित्व विषय पर परिचर्चा की जाएगी वहीं इस अवसर पर द्वितीय "ग्रामीण सम्मान" वरिष्ठ मार्गदर्शक रामलाल सिंह को प्रदान करने के साथ ही श्री सिंह की भूली, बिसरी,बिखरी रचनाओं को समेट कर एक स्मारिका का विमोचन भी जाना है।

भगवान राम को लेकर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने वाले आरोपी के खिलाफ फूटा जनाक्रोश

नवभारत न्यूज

नागौ 27 दिसंबर, जसो थाना क्षेत्र के उमरिहा निवासी अरुणेश कुशवाहा के द्वारा भगवान श्रीराम के विरुद्ध अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने के मामले को लेकर सर्व समाज के लोग एकजुट होकर जसो थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ लिखित ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से सर्व समाज के लोगों ने स्पष्ट रूप से कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं, उनके विरुद्ध आपत्तिजनक और अमर्यादित भाषा का प्रयोग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जल्द आरोपी की गिरफ्तारी हो नहीं तो सर्व समाज बड़ा आंदोलन करेगा।

किसान जन आंदोलन यात्रा की तैयारी बैठक आज

कोठी 27 दिसंबर, किसान कांग्रेस के जिला महामंत्री बृजेश गर्ग सोनू में जानकारी देते हुए बताया कि किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के निर्देशन पर जिला किसान के अध्यक्ष संतोष पांडे के तत्वावधान में आगामी 5 जनवरी को जिले में किसान जन आंदोलन यात्रा निकाली जानी है जिसके लिए आवश्यक बैठक रविवार 28 दिसंबर को दोपहर 12-30 बजे से सर्किट हाउस में रखी गई है जिसमें जिले के सभी जगह के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। कोठी ब्लॉक की भी टीम इस बैठक में आवश्यक रूप से सम्मिलित होगी.

परिवार जीवन की प्राथमिक पाठशाला है : श्रीमती अर्चना सिंह

नवभारत न्यूज

नागौद 27 दिसंबर, सरस्वती शिक्षा परिषद एवं विद्या भारती से सम्बद्ध नागौद बाल कल्याण समिति नागौद द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर नागौद में ''सप्त शक्ति संगम'' कार्यक्रम प्राथमिक विभाग के नाना जी देशमुख सभागार में शनिवार दिनांक 27.12.2025 को सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ वीणापाणि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं समवेत स्वरों में संगीतमयी सरस्वती वंदना से हुआ। मंच का परिचय ई0सी0सी0ई0प्रधानाचार्य श्रीमती शालिनी त्रिपाठी ने करवाया। इसमें मुख्य अतिथि के रुप में सुश्री रेखा चूडास्मा, डॉ .किरण राजेश सिंह तोमर, अध्यक्ष के रूप में श्रीमती संध्यासरन श्रीवास्तव एवं सप्त शक्ति कार्यक्रम की जिला संयोजिका श्रीमती अनमोल केशरवानी एवं श्रीमती आभा अग्रवाल ने मंच को सुशोभित किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना जिला संयोजिका श्रीमती अनमोल केशरवानी ने रखी। तत्पश्चात समूह गीत ''हम ही मातृ शक्ति हैं'' विद्यालय की बहिनों द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मातृ शक्तियों एवं विद्यालय की दीदियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

सप्त शक्ति कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री रेखा चूडास्मा जी ने ''कुटुम्ब प्रबोधन एवं पर्यावरण के संबंध में भारतीय दृष्टि'' पर सारगर्भित प्रबोधन किया। उन्होंने कहा कि - ''अनेक आक्रांताओं ने देश पर आक्रमण किया है किन्तु परिवार व्यवस्था पर आंच नहीं आई। परिवार जीवन की प्राथमिक पाठशाला है और माँ उसकी शिक्षिका है। जिसमें बालक सारे गुण सीखता है।'' सप्त शक्ति के माध्यम से पंच परिवर्तन की बात कही गई है। ये हैं- पंच परिवर्तन, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण, सामाजिक समरसता एवं नागरिक कर्तव्य हैं। श्रीमती सरोज सिंह द्वारा प्रश्नोत्तरी से कार्यक्रम को रोचक बनाया गया। कार्यक्रम में विविध क्षेत्रों में प्रतिष्ठित वीरांगनाओं व्योमिका सिंह, रानी लक्ष्मी बाई, हरमन प्रीत कौर, सावित्री बाई फुले, सरोजिनी नायडू, लक्ष्मी बाई केलकर, अहिल्या बाई, महादेवी वर्मा, भगिनी निवेदिता आदि की सजीव छवि विद्यालय की बहिनों ने दिखाया। मुख्य अतिथि डॉ0 किरण राजेश सिंह तोमर जी ने ''भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका'' विषय पर भावपूर्ण एवं सारगर्भित प्रबोधन दिया गया।